1634. [*Transferred to the 17th March, 1989*]

वस्तुओं का आयात

1635. डा० अवरार अहमद खान: क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी, 1986 से 1 जनवरी, 1989 तक वर्षवार किन-किन वस्तुओं का कितनी-कितनी मात्रा में आयात किया गया और इस आयात पर कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की गई ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान किन-किन वस्तुओं का कितनी-कितनी मात्रा में निर्यात किया गया और उससे कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित हुई ;

(ग) क्या सरकार आयात के विकल्प को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष योजना या कार्यक्रम तैयार करने का विचार रखती है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ;

(घ) क्या सरकार निकट भविष्य में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष रियायत या कर में छूट देने का विचार रखती है यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) क्या सरकार वस्तुओं के आयात को हस्तांतरित करने तथा उन आयातित वस्तुओं की वैकल्पिक वस्तुओं का निर्माण करने के लिए कोई नीति तैयार करने का विचार रखती है, ताकि इन वस्तुओं के आयात में कमी की जा सके ?

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० आर० दासमुंशी): (क) और (ख) विदेश व्यापार के केलेण्डर वर्षवार आंकड़े नहीं रखे जाते । फिर भी वित्तीय वर्ष 1986-87, 1987-88 के दौरान तथा अप्रैल-सितम्बर, 1988 की अवधि के लिए आयातित और निर्यातित मुख्य मदों के मूल्य और उनकी मात्राओं (जहां कहीं भी उपलब्ध है) को दर्शाने वाले विवरण-पत्र संलग्न है (देखिए परिशिष्ट 149, अनुपत्र सं. 88 और 89)

(ग) सरकार ने खाद्य तेलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाये हैं जैसे प्रौद्योगिकी मिशन इसके साथ ही उर्वरकों का उत्पादन बढ़ाने के लिए भी संयंत्र स्थापित करने के लिए कदम उठाये गये है ताकि ऐसी मदों का आयात कम किया जा सके ।

(घ) निर्यातों पर लगने वाले सभी प्रत्यक्ष करों की प्रतिपूर्ति शुल्क वापसी और नकद मुआवजा सहायता के जरिए की जाती हैं । इसके अतिरिक्त आयकर अधिनियम की धारा 80 एच एच सी के तहत निर्यातों पर प्रत्यक्ष करों से छूट दी गई है ।

(ङ) दुर्लभ विदेशी मुद्रा को बचाने की दृष्टि से आयातों की बराबर समीक्षा की जाती है । वर्तमान नीति गैर-आवश्यक आयात को हस्तांतरित करती हैं तथा साथ ही कारगर आयात प्रतिस्थापन को प्रोत्साहित करती है ।

Increase in population along border areas

1636. SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether there has been an abnormal increase in population along the Bangladesh-India border areas of Bengal, Bihar and Assam; if so, what is the percentage increase (smaller unit) area-wise over the population that obtained in 1981 and also in 1971 and how does it compare with the national average increase; and

(b) what are the similar figures pertaining to the border areas (smaller unit) of Rajasthan and Gujarat along India-Pakistan border?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI BUTA SINGH): (a) and (b) The required information is being collected and will be laid on the Table of the House in due course.